सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 06 | इंदौर, बुधवार 17 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## जनता कहिन..!

किलो से पाव भर पर आए

टमाटर के नखरे देख

आलू-प्याज भी गुस्से में...

अदरक-लहसुन का भाव देख

नींबू निचोड़ रहा जेब...

## Headline

1. US: 'कमला हैरिस हो सकती हैं अमेरिका की राष्ट्रपति!' बाइडन ने सियासी गलियारों में चल रही चर्चाओं को दी हवा
2. Sikkim: पश्चिम बंगाल की नहर में मिला सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव, नौ दिन से थे लापता
3. शंभू बॉर्डर खोलने की डेडलाइन खत्म: किसान करेंगे दिल्ली कूच, 15 अगस्त को देश भर में ट्रैक्टर मार्च
4. Oman: ओमान के तट पर तेल टैंकर पलटने से चालक दल के 16 सदस्य लापता, 13 भारतीय भी शामिल

# सिक्युरिटी गार्ड ने की थी बैंक में लूट

## पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग, घर तक पहुंची, आरोपी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में मंगलवार को दिनदहाड़े पंजाब नेशनल बैक में हुई डकैती मामले में पुलिस सिक्यारिटी गार्ड के घर तक पहुंच गई है। हीरानगर में किराये से रहने वाले सिक्योरिटी गार्ड ने वारदात को अजांम दिया। वह मूल रूप से यूपी का रहने वाला है। पुलिस को उसके घर से बैक तक आने ओर बैक से वापस घर पहुंचने के फुटेज मिले है। इस मामले में उसकी पत्नी ने भी उसकी सीसीटीवी फुटेज से पुष्टी की है। डीसीपी जोन 2 अभिनव विश्वकर्मा की टीम पंजाब नेशनल बैक में हुई 6 लाख 64 हजार की लूट के मामले में बाईक नंबर के आधार पर आरोपी अरूण सिंह के घर तक पहुंची है। अरूण श्याम नगर हीरानगर का रहने वाला है। वह मूल रूप से उतरप्रदेश के इटावा में रहता है। उसे हिरासत में ले लिया गया है। लेकिन अफसर प्रेम कान्फ्रेंस कर मामले के खुलासा करने की बात कह रहे है।



### फुटेज के आधार पर पत्नी ने की शिनाख्त

लूट के करीब 6 घंटे बाद अलग अलग टीमों को फुटेज ओर कॉल डिटेल के लिये लगाया गया था। जिसमें अरूण के बैक से बाइक से निकालने के बाद पुलिस ने कई रास्तो के फुटेज तलाशे। इसमें वह निरंजनपुर होते हुए पीछे के रास्ते हीरानगर इलाके में घुसा। यहां से वह श्याम नगर घर तक पहुंचा है। यहां पत्नी ओर बच्वो को वारदात को लेकर जानकारी नही थी। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो पत्नी को ग्रीन कलर की बाइक ओर नकाब ओर रेनकोट पहने फुटेज दिखाए। उसने पति अरूण के होने की पुष्टी की है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में एक बैक कर्मचारी की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। बताया जाता है कि अरूण उसके संपर्क में था। अफसर जल्द इस मामले में खुलासा करने बात कर रहे है।

### पुलिस ऐसे पहुंची लुटेरे तक

पुलिस ने बैंक के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में लुटेरा बापट चौराहे से बैंक की ओर आता दिखाई दिया। लूट के बाद वो शीतल नगर की ओर भागा और श्यामनगर में घुस गया। पुलिस रातभर श्यामनगर में उसे खोजती रही, तभी उसकी बाइक मिल गई। लोगों से पता चला कि वो रिटायर्ड सैनिक है और गार्ड की नौकरी करता है।

### राजगढ़ के पास मिली मोबाइल लोकेशन

लोगों ने बताया गाड़ी अरुणसिंह की है और वह सेना से रिटायर हुआ है। फिलहाल वह गार्ड की नौकरी करता है। पुलिस ने तड़क़े अरुण से घर में छापा मारा तो वह फरार मिला। हालांकि पुलिस को चार लाख रुपये के आसपास की राशि घर में मिल गई। पुलिस ने अरुण के मोबाइल की लोकेशन निकाली तो राजगढ़ के आसपास की मिली। एक टीम राजगढ़ भी भेजी गई है।

### ऐसे समझ गए अफसर

पुलिस ने जाते ही बैंक परिसर को सील कर दिया था। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो बदमाश खाली खोल संभाल कर रखते हुए नजर आ गया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने उसी से स्पष्ट कर दिया कि घटना में रिटायर्ड सैन्यकर्मी या सिक्युरिटी गार्ड है। इसके बाद पुलिस ने सिक्युरिटी एजेंसी संचालकों से जानकारी लेकर मोहर लगा दी। पुलिस आरोपित की गिफ्तारी की कोशिश में लगी है।

# विधायकों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब नहीं देने वाले अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश

## नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने जारी किए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश विधानसभा के हाल ही में संपन्न हुए सत्र के दौरान विधायकों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का पूरा जवाब नहीं देने वाले अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश प्रदेश के नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई के द्वारा जारी किए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि मध्य प्रदेश विधानसभा का हाल ही में संपन्न हुए सत्र के दौरान विधायकों के द्वारा बहुत से प्रश्न पूछे गए थे। इनमें से कई प्रश्नों के उत्तर विभाग के द्वारा पूर्ण रूप से ना देते हुए जानकारी संग्रहित की जा रही है जैसा जवाब दे दिया गया । ऐसे सभी मामलों में तत्काल संबंधित विधायक के प्रश्न का उत्तर तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

इस निर्देश में कहा गया है कि विभाग के समस्त शाखा प्रमुख और विभाग प्रमुख जिनके द्वारा अब भी इन प्रश्नों के पूर्ण उत्तर नहीं दिए जाएंगे उनका जुलाई महीने का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह किसी भी हालत में हर लंबित पड़े प्रश्न का पूर्ण और समग्र जवाब तैयार कर प्रस्तुत कर दे। यदि अब भी जवाब समग्र रूप से प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो ऐसे अधिकारियों का जुलाई महीने का वेतन रोक दिया जाए।

### अन्य विभागों में नहीं हुई कोई पहल

नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के द्वारा तो यह आदेश जारी कर दिया गया है लेकिन दूसरे विभागों में इस तरह की कोई पहल नहीं की गई है। उद्योग विभाग तथा गृह विभाग से बड़ी संख्या में प्रश्नों के उत्तर समग्र रूप से प्रस्तुत नहीं किए गए। इन विभागों में अभी तक जवाब तैयार करवाने की कोई पहल नहीं की गई है।

### इंदौर में कार्रवाई के सवाल लंबित

इंदौर नगर निगम में अलग-अलग समय पर अलग-अलग मामलों में हुई आर्थिक अनियमित के मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई विधानसभा के पटल पर प्रश्न के उत्तर में निगम के द्वारा यह जानकारी नहीं भेजी गई है। अब प्रमुख सचिव के इस आदेश के बाद इस जानकारी को तैयार कर भेजना आवश्यक हो गया है।

### पहली बार ऐसा आदेश

यह पहला मौका है जब विधानसभा का सत्र समाप्त होने का पक्ष प्रमुख सचिव के द्वारा इस तरह का आदेश जारी किया गया है। हमेशा सत्र में विधायकों के द्वारा बड़ी संख्या में प्रश्न पूछे जाते हैं। इनमें से जिन प्रश्नों में अधिकारी अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं उन प्रश्नों के जवाब नहीं दिए जाते हैं और जवाब के नाम पर यह लिखकर भेज दिया जाता है कि इस संबंध में जानकारी संग्रहित की जा रही है । इस तरह का आदेश इसका पहले कभी भी जारी नहीं किया गया ।

# सावन में भक्तों को 40 मिनट में होंगे महाकाल के दर्शन

## 22 जुलाई से होगी सावन मास की शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश के उज्जैन शहर स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में मात्र 40 मिनट में महाकाल के दर्शन होंगे। आगामी 22 जुलाई से सावन मास की शुरूआत होगी। महाकाल के भक्तों के लिए आम दिनों की अपेक्षा एक से डेढ़ घंटा पहले जागेंगे। प्रत्येक रविवार को रात 2.30 बजे तथा सोमवार से शनिवार तक रात तीन बजे मंदिर के पट खुलेंगे। इसके बाद भगवान महाकाल की भस्म आरती होगी। मंदिर की परंपरा अनुसार, सावन-भादो मास में हर सोमवार को भगवान महाकाल की सवारी निकलेगी। प्रत्येक शनिवार को सावन महोत्सव का आयोजन होगा। नौ अगस्त को नागपंचमी महापर्व मनेगा। इस दौरान देश-विदेश से हजारों भक्त भगवान महाकाल के दर्शन करने मंदिर पहुंचेंगे। मंदिर समिति द्वारा भक्तों के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दावा है कि इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को अधिकतम 40 से 45 मिनट में भगवान के सुविधा से दर्शन होंगे।

### राजाधिराज महाकाल बाबा की सवारियों की तिथि

पहली सवारी - 22 जुलाई को
दूसरी सवारी - 29 जुलाई
तीसरी सवारी - 5 अगस्त
चौथी सवारी - 12 अगस्त
पांचवी सवारी - 19 अगस्त
छठी सवारी - 26 अगस्त को
2 सितंबर को शाही सवारी निकलेगी।

# बिजली कंपनी मुख्यालय में भी 33केवी अंडर ग्राउंड लाइन कार्य होगा

## प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने किया भंडार शाखा का दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने मंगलवार शाम पोलोग्राउंड बिजली मुख्यालय स्थित भंडार शाखा का दौरा किया। वहां उन्होंने प्रस्तावित 33 केवी लाइन के अंडर ग्राउंड कार्य की जानकारी ली। यहां चम्बल स्थित अति उच्चदाब ग्रिड से निकली 33 केवी की लाइनों को अब अंडरग्राउंड किया जाएगा। श्री तोमर ने कहा कि कंपनी के सबसे बड़े भंडार गृह की इंटरनल एप्रोच रोड को पक्की और भारी वाहनों के स्तर बनवाई जाएगी, ताकि ट्रांसफार्मर, पोल, केबल के भारी ट्रक, ट्राले निकलने पर भी रोड खराब न हो। श्री तोमर ने आगामी दो माह बाद प्रारंभ होने वाले रबी सीजन की तैयारी के बारे में भी चर्चा की। प्रबंध निदेशक ने रबी सीजन के लिए ट्रांसफार्मरों की समय पर उपलब्धता, लोकल रिपेयरिंग यूनिट यानि एलआरयू के कार्य इत्यादि विषयों पर निर्देश दिए। इस दौरान निदेशक तकनीकी सचिन तालेवार, अधीक्षण यंत्री भंडार अचल जैन, कार्यपालन यंत्री आशीष सराफ आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# आज से तीन दिनों तक श्री बच्चा हनुमान मन्दिर में वेद मंत्र गुंजेगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। माणिक चौक राजवाडा स्थित श्री बच्चा हनुमान मन्दिर में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव की शुरूआत 17 जुलाई से होने जा रही है। यह जानकारी देते हुए श्री शुक्ल यजुवेर्दीय याज्ञवल्क्य संस्था इंदौर के अध्यक्ष पं उपेंद्र जोशी एवं सचिव पं. तुषार जोशी ने बताया कि इस उत्सव में महाराष्ट्र के जालना से वेदमूर्ति महेश मोहिदे और नासिक से वेदमूर्ती तुषार चंदात्रे पधार रहे है। ये दोनों वेदमूर्ति 19 जुलाई तक रोजाना दोपहर 2 से 5 बजे तक शुक्ल यजुर्वेद सहिंता का पारायण करेंगे।

# पुलिस कर्मियों के लिए नि:शुल्क नेत्ररोग जांच शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के नेत्र रोगों के निदान व इनके संबंध में जागरूकता हेतु, रोहित आई हॉस्पिटल के सहयोग से 3 महीने के लिए एक विशेष निशुल्क नेत्र रोग निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज पुलिस कमिश्नर इंदौर राकेश गुप्ता के कर कमलों द्वारा हॉस्पिटल के डॉक्टर ओ.पी. अग्रवाल व उनके स्टाफ एवं शहर के कई गणमान्य नागरिकों और समाजसेवी की उपस्थिति में किया गया। रोहित आई हॉस्पिटल एंड चाइल्ड केयर सेंटर द्वारा अपनी सेवा के 33 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में इंदौर जिले के पुलिसकर्मियों के लिए एक विशेष निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो 14 जुलाई से 14 अक्टूबर 2024, तीन माह तक चलेगा। जिसमे रोजाना शाम 4 से 6 बजे तक 30-35 पुलिसकर्मियों की जांच होगी। कुल साढ़े 6 हजार पुलिसकर्मियों तक इसका लाभ पहुचने का लक्ष्य है। शिविर में पूर्ण नेत्र परीक्षण, दृष्टि जांच, और गंभीर नेत्र रोगों की स्क्रीनिंग भी शामिल है। उक्त शिविर का लाभ उठाने के लिए पुलिसकर्मी डीआरपी लाइन में संपर्क कर प्रतिदिन शाम 04.00 से 06.00 बजे तक रोहित आई हॉस्पिटल में जाकर अपनी आँखों की जांच करवा सकते है।

# महू-पातालपानी के बीच हुआ ट्रायल रन

## डीआरएम बोले- इसी महीने शुरू होगी हेरिटेज ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू-पातालपानी के बीच रेलवे द्वारा मीटर गेज सेक्शन को ब्रॉडगेज में कन्वर्ट का काम पूरा हो गया है। इस ट्रैक पर आज दोपहर को सीआरएस इंस्पेक्शन हुआ। इस दौरान 105 किमी की रफ्तार से पातालपानी रेलवे स्टेशन से डॉ. अंबेडकर नगर महू रेलवे स्टेशन तक ट्रेन चलाई गई।


अब इस ट्रायल की ओके रिपोर्ट आते ही महू से पातालपानी के बीच यात्री ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे के डीआरएम रजनीश कुमार ने बताया की महू से पातालपानी के बीच रेलवे द्वारा पांच किमी के हिस्से में ब्रॉडगेज कन्वर्जन का काम पूरा कर लिया है। ओके रिपोर्ट आने के बाद जल्द ही महू से पातालपानी के लिए ट्रेन शुरू कर दी जाएगी। डीआरएम रजनीश कुमार ने बताया हमारा प्लान इसी महीने जुलाई तक हेरिटेज ट्रेन शुरू करने का है इसी माह के अंत तक हम हेरिटेज ट्रेन को शुरू कर देगे। साथ ही महू से पातालपानी तक चलने वाली ट्रेन की कनेक्टिविटी को हेरिटेज ट्रेन से जोडऩे का भी प्लान चल रहा है।


**5.5 किमी डेमू से सफर करना पड़ेगा-** विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन पातालपानी से कालाकुंड के बीच 10 किमी ट्रैक पर चलेगी। इस ट्रैक पर सफर के दौरान यात्री पातालपानी स्टेशन, पातालपानी वाटर फॉल, वैली ब्रिज, कालाकुंड और चार टनल के रोमांच का लुत्फ उठाएंगे। महू से पातालपानी के बीच 5.5 किमी हिस्से में यात्री को गेज परिवर्तन होने के कारण डेमू से यात्रा करना होगी। इसके बाद पातालपानी से कालाकुंड तक हेरिटेज का सफर किया जा सकेगा।

**5 कोच के साथ हफ्ते में तीन दिन चलेगी ट्रेन-** रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुरूआत में पातालपानी-कालाकुंड के बीच हैरिटेज ट्रेन दो विस्टाडोम उ-1 और उ-2 (अउ चेयर-कार) कोच और दो नॉन अउ ऊ-1, ऊ-2 और ऊ-3 कोच के साथ चलेगी। वहीं हेरिटेज ट्रेन में आने-जाने का अलग-अलग टिकट लेना होगा। विस्टाडोम के एक कोच में 60 सीट है। इसमें अउ चेयर-कार का 265 रुपए, जबकि नॉन अउ चेयर-कार का किराया 20 रुपए प्रति टिकट रह सकता हैं। नॉन अउ चेयर-कार के दो कोच है। टिकट की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट से ऑनलाइन या रिजर्वेशन सेंटर से की जा सकती है।

**इस समय पर चल सकती है ट्रेन-** ट्रेन संख्या 52965 पातालपानी कालाकुंड हैरिटेज ट्रेन 11.05 बजे पातालपानी से चल कर 13.25 बजे कालाकुंड पहुंचेगी। वहीं वापसी ट्रेन संख्या 52966 कालाकुंड पातालपानी हेरिटेज ट्रेन कालाकुंड से 15.34 बजे चल कर 16.30 बजे पातालपानी पहुंचेगी। हेरिटेज ट्रेन पातालपानी से कालाकुंड 2 घंटे में पहुंचती है। वापसी में काला कुंड से पातालपानी तक आने में ट्रेन को एक घंटा लगता है। ट्रेन काला कुंड पहुंचने के बाद वहां लोगों को घूमने के दौरान करीब दो घंटा खड़ी रहेगी। इस दौरान यात्री कालाकुंड के झरने और पहाड़ों की सैर कर सकेंगे।

**2018 में हुई थी शुरूआत-** पातालपानी से कालाकुंड की वादियों के ट्रैक को 2018 में हेरिटेज ट्रैक घोषित किया गया था। इसी के साथ प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रेन की शुरूआत हुई थी। महू-पातालपानी-कालाकुंड तक चलने वाली यह हेरिटेज ट्रेन शुरूआत से ही यात्रियों को खूब रास आई।






## एक पेड़ माँ के नाम ''एक SIP परिवार के नाम''

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जैसा की आप सभी को विदित है इंदौर कुछ अलग करता है। रविवार को ही इंदौर शहर ने विश्व कीर्तिमान रचा है पेड़ लगाने में। हमारी भी संस्था वर्षो से अच्छे कार्य करने एवम उनका साथ देने के लिए पहचानी जाती है।

अतः हम भी पेड़ लगा कर पर्यावरण की सुरक्षा हेतु सजग है।

जिस तरह SIP रूपी वृक्ष भविष्य को उन्नत बनाता है वैसे ही वृक्ष पर्यावरण को भविष्य में उन्नत बनाता है।

तो सभी साथी अवश्य इस कार्यक्रम में भाग ले।

17 जुलाई 2024 बुधवार

समय प्रातः ठीक 9 बजे

सूबह का नाश्ता हम सभी साथ मे कार्यक्रम स्थल पर ही करेंगे।

स्थान टेलीफोन नगर उद्यान एवम माँ अन्नपूर्णा मंदिर उद्यान टेलीफोन नगर इंदौर।

इस कार्यक्रम के आयोजक है।

विशेष सहयोगः- सुश्री मुद्रा जी शास्त्री (पार्षद)

श्री नितेश जी जैन (पार्षद प्रतिनिधि)

यु टी आई म्यूच्यूअल फण्ड

IIAA

MFDA (सेंट्रल इंडिया)

कार्यक्रम के प्रबंधक एवम सूत्रधार है।

श्री टी के प्रसाद जी एवम उनकी कमेटी

श्री महेंद्र कुमार जी पालीवाल

श्री एवम श्री मति कटलाना जी

श्री मनोज जी पोरवाल

श्री नितिन जी पाटनी

सभी समय का ध्यान रखे सुबह 9 बजे

पुनः सभी जरूर से जरूर पधारे।

क्यो ना एक अच्छे कार्यक्रम के साथ हम भी अपने उज्वल भविष्य के लिए 1 SIP और हो जाये।

सभी साथियो की कई SIP चल रही होगी कोशिश करे क्यो ना उस दिन को यादगार बनाये अपनी स्वयं की 1 SIP जरूर लगाएं।

### नोटिस के जवाब में चौरडि़या ने लिखा

# अध्यक्ष-महासचिव हाईकमान नहीं, कार्यकर्ताओं की आवाज उठाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय चौरडि़या ने कांग्रेस संगठन प्रभारी को जवाबी पत्र में लिख दिया है प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी महासचिव हाईकमान नहीं है। अनुशासनहीनता के नोटिस के जवाब में उन्होंने यह भी लिख दिया है कि मैं अपनी बात पर कायम हूं। भले ही पत्रकार वार्ता मैंने की है लेकिन शब्द प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता के हैं।

सोमवार को चौरडि़या ने पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी व प्रदेश प्रभारी महासचिव जितेंद्रसिंह पर तमाम आरोप लगाए थे। इसके बाद उन्हें संगठन प्रभारी राजीवसिंह ने अनुशासनहीनता के आरोप में नोटिस देकर जवाब मांगा था। इस बीच पटवारी के खिलाफ संगठन में अन्य विरोधी गुट भी लामबंद होते दिख रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय चौरडि़या को दिए अनुशासनहीनता के नोटिस में लिखा गया था कि उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व के विरुद्ध वक्तव्य दिया है। जवाब में चौरडि़या ने लिख दिया है कि अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रभारी महासचिव भंवर जितेंद्रसिंह के लिए प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता की जो भावना थी वो मैंने रखी है। ये कांग्रेस नेतृत्व यानी आलाकमान नहीं है।

सफाई देने या माफी मांगने की बजाय चौरडि़या ने लिखकर भेजा है कि मैं प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी महासचिव को लेकर कही अपनी बातों पर कायम हूं। मामले में कांग्रेस संगठन अपने नोटिस पर ही घिरता दिख रहा है। दरअसल सवाल उठ रहा है कि ताजा मामले में नोटिस देने वाली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इससे पहले ऐसे ही कई मामलों में कार्रवाई तो दूर नोटिस देना भी उचित नहीं समझा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेतृत्व के खिलाफ लोकसभा चुनाव में इंदौर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पैसे देकर टिकट देने का आरोप सार्वजनिक रूप से लगाया था।हालांकि उस मामले में नोटिस भी जारी नहीं हुआ। इस बीच कांग्रेस ने चौरडि़या पर अभी कोई कार्रवाई नहीं की है।

चौरडि़या ने भी कांग्रेस छोड़ने से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को इंदौर प्रेस क्लब में चौरडि़या ने जीतू पटवारी पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पटवारी पर भाजपा संगठन और सत्ता के साथ सेटलमेंट की राजनीति करने का आरोप लगाया था। बल्कि कार्यकतार्ओं से दुर्व्यवहार का दोषी भी बता दिया था।

#### राहुल गांधी के नाम पर झूठ

पटवारी पर अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नाम पर भी झूठ फैलाने के आरोप लग रहे हैं। दरअसल बीते दिनों इंदौर में कांग्रेस संगठन की एक बैठक में निमिष शाह नामक एक व्यक्ति को इंदौर के पदाधिकारियों के सामने लाया गया था। घोषणा हुई थी कि शाह को राहुल गांधी ने नियुक्त किया है। मप्र को माडल प्रदेश बनाकर संगठन कसने की जिम्मेदारी दी गई है। चौरडि़या और अन्य कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय नेतृत्व ने ऐसी कोई नियुक्ति ही नहीं की। राहुल गांधी के नाम पर भी पटवारी ने झूठ बोला।

#### बम के निष्कासन का पत्र भी नहीं

कांग्रेस ने भले ही ताजा मामले में अनुशासनहीनता का नोटिस जारी किया है। असलियत ये है कि कांग्रेस में अनुशासन तार-तार पहले ही होता रहा है। इससे पहले कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार घोषित हुए अक्षय बम ने पाला बदल नामांकन वापस लिया था तो इंदौर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदेश कांग्रेस और आलाकमान पर रुपये लेकर टिकट बांटने का आरोप लगा दिया था।

इसके वीडियो उन्होंने खुद जारी किए और अब भी इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित है। हालांकि कांग्रेस ने इस मामले में न तो अनुशासनहीनता का नोटिस दिया ना कार्रवाई की। लोकसभा चुनाव के बीच में महिला कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने के मामले में भी पटवारी घिरे थे।

टिकट मिलने के बाद बगावत करने वाले अक्षय बम पर भी कांग्रेस ने आज तक औपचारिक रूप से कोई कार्रवाई नहीं की है। अक्षय बम के पास भी आज तक कांग्रेस से निष्कासित करने का कोई पत्र नहीं पहुंचा है। चौरडि़या ने एक दिन पहले आरोप भीलगाया था कि पेपर लीक में धरना देने की अनुमतिव उन्हें और कार्यकतार्ओं को इसलिए नहीं दी गई क्योंकि अक्षय बम के कालेज पर खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी कठोर कार्रवाई नहीं चाहते थे।

## लव जिहाद के आरोप में पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **तुकोगंज इलाके में हिंदूवादियों ने मंगलवार दोपहर लव जिहाद के आरोप में एक युवक की जमकर पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। युवक को उपचार के लिए पुलिस ने एमवाय में भर्ती कराया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक का नाम सलमान शेख है। अस्पताल कर्मी युवती को वह करीब तीन सालों से वीडियो और फोटो के नाम पर ब्लैकमेल कर रहा था। इस मामले में हिंदूवादियों ने उसे अस्पताल के पास से पकड़ा और उसकी पिटाई करते हुए थाने तक ले आए। युवक को शरीर पर काफी चोट आई है। उसका मेडिकल कराने के दौरान डॉक्टरों ने उसे भर्ती करने की सलाह दी। जिसके बाद सलमान को एडमिट कराया गया है। हिंदूवादियों के मुताबिक युवती से उसकी पहचान अस्पताल में आने-जाने के दौरान हुई थी। इसके बाद उसने दोस्ती कर युवती के कुछ फोटो और वीडियो बनाए और वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल करता रहा। युवती जब इस बात से परेशान हो गई तो उसने परिचित को जानकारी दी। बाद में हिंदूवादियों ने उसे पकड़ा। मंगलवार को भी वह युवती से रुपए लेने पहुंचा था। पुलिस इस मामले में युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर रही है।

## मंदिर लूट में संदिग्ध हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा थाना क्षेत्र में आने वाले अलवासा गांव स्थित मंदिर में हुई लूट के मामले में पुलिस ने संदिग्ध हिरासत में लिए हैं। सात दिन पहले हुई इस वारदात को पुलिस आपसी विवाद मानकर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि तीन-चार की संख्या में बदमाशों ने यहां धावा बोला था। वारदात के समय मंदिर के पुजारी को पीटकर बांध दिया था। मंदिर से माताजी का मुकुट, दानपेटी चुरा ले गए थे। देरात 2 से 3 बजे के बीच होने से ग्रामीणों को वारदात का पता अलसुबह लगा था। पुजारी ने पुलिस को बताया कि बदमाश नकाबपोश थे और तीन बाइक पर आए थे। आते ही मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाया तो हाथ पैर बांध दिए थे। बदमाशों के जाने के बाद जब मैंने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण उठे और हाथ पैर खोले। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मंदिर के आसपास सीसीटीवी फुटेज नहीं होने से बदमाशों का पता नहीं लग पा रहा है। रात होने से पुजारी यह भी नहीं बता पा रहा है कि बदमाश वारदात के बाद किस तरफ भागे थे। नकाबपोश होने से हुलिया भी सामने नहीं आ सका है। अब तक की जांच में पुलिस को यह पता लगा है कि वारदात में बाहरी गैंग नहीं,बल्कि लोकल बदमाश शामिल हो सकते हैं। सांवेर, उज्जैन, इंदौर में टीमें लगाई गई है, ताकि बदमाशों को शीघ्र पकड़ा जा सके।

## बच्चे को लगा करंट, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खेत में खेल रहे बच्चे को एक माह पहले करंट लग गया था। मामले में जांच के बाद पुलिस ने खेत मालिक पर लापरवाही का केस दर्ज कर लिया है। मृत बच्चे कानाम बंटी पिता जितेंद्र सोलंकी निवासी लिंबोदागारी है। वह जीवन चौधरी के खेत में मृत मिला था। जांच में सामने आया कि जीवन चौधरी ने अपने खेत में बिजली के खंभे से कट लगे हुए बिजली के तार डालकर पानी की मोटर चालू की थी। इसी दौरान बच्चा दौड़ते हुए आया तो उसे करंट लग गया था।

## सोशल में साउथ एशियन म्यूजिक 19 जुलाई से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कम्यूनिटी और कल्चर का अग्रणी हब, सोशल, भारत के अलग-अलग शहरों में साउथ एशियन म्यूजिक - गरम मसाला पेश कर रहा है, जो हमारे मेहमानों के लिए अनूठा अनुभव होगा। गरम मसाला में दुनिया भर के दक्षिण एशियाई समुदाय के संगीत को एक ट्रेंडिंग वैश्विक साउंडस्केप के साथ मिश्रित किया गया है। यह इवेंट चंडीगढ़ (भारत) के प्रतिभाशाली डीजे और प्रोड्यूसर, जेटान ने तैयार किया है जो आपके गर्मियों के दिनों को दिलचस्प और मसालेदार बनाने का वादा करता है!

यह इवेंट हैदराबाद के माइंडस्पेस सोशल में 12-14 जुलाई 2024 को, इंदौर के रिंग रोड सोशल में 19-21 जुलाई 2024 को, मुंबई के खार सोशल में 26-28 जुलाई 2024 को, दिल्ली के हौज खास सोशल में 2-4 अगस्त 2024 को और देहरादून के देहरादून सोशल में 21-23 अगस्त 2024 को आयोजित हो रहा है। इसमें भाग लेने की निर्धारित आयु 21+ वर्ष है।

## श्राविकाश्रम ट्रस्ट द्वारा जैन छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गई

**इन्दौर**। साउथ तुकोगंज स्थित श्री दिगम्बर जैन उदासीन श्राविकाश्रम ट्रस्ट (समवशरण मंदिर) द्वारा दिगम्बर जैन समाज की कक्षा छठी से बारहवीं तक कक्षा में अध्ययनरत प्रतिभाशाली 85 छात्राओ को छात्रवृत्ति वितरित की गई। इसी अवसर पर श्रुत श्रमण शिक्षा सहयोग संस्था द्वारा छात्रवृत्ति में ट्रस्ट को 6 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने वाले श्री निर्मलजी गंगवाल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पं.श्री रतनलालजी शास्त्री व श्रीमती इन्द्राणी कासलीवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। संस्थाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा कासलीवाल उपाध्यक्ष श्री अरुण सेठी मंत्री जयसेन जैन व कोषाध्यक्ष श्री धनराज कासलीवाल ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन श्री शरद सेठी ने किया व श्रीमती ज्योति कासलीवाल ने आभार माना।

## चलते कंटेनर से 4 एलईडी चुराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बदमाशों को हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे चलते वाहन से भी माल उड़ाने लगे हैं। लसूडिया पुलिस को हरियाणा निवासी साजिद पिता उमर खान ने बताया कि वह कंटेनर एचआर-38 एसी 0791 में टीटीई इलेक्ट्रानिक इंडिया प्रायवेट लिमिटेड आंध्रप्रदेश से खंडेलवाल कम्पाउंड लसूडिया स्थित दर्ज स्टोन टेली सर्विस प्रायवेट लिमिटेड के लिए माल लेकर निकला था, तभी अरंडिया बायपास पर राहगीरों ने मुझे बताया कि कंटेनर से कुछ बदमाश सामान चुरा रहे हैं। इस पर चालक ने कंटेनर साइड में लेकर देखा तो पता चला कंटेनर की सील टूटी हुई थी और गेट खुला हुआ था। माल चेक किया तो चार एलईडी गायब मिली।

# खाना मांगा तो बेटे को पटक-पटककर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** बैतूल में पिता ने अपने ही 4 साल के बच्चे को सड़क पर पटक-पटककर मार डाला। फिर लाश को सड़क पर ही छोड़कर भाग निकला। मासूम की गलती इतनी सी थी कि उसे भूख लगी थी और वह शराबी पिता से खाना मांग रहा था।



वारदात सोमवार रात 12 बजे कोतवाली थाने के सावंगा गांव की है। पुलिस फरार पिता की तलाश में छापे मार रही है।

टीआई देवकरण डेहरिया ने बताया, 'रात में डायल-100 को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने बेटे के साथ मारपीट की है। बच्चा सड़क पर बेसुध पड़ा हुआ है।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक इरफान कुरैशी मौके पर पहुंचे। बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवा दिया है। उसकी मां के नासिक से आने का इंतजार है।'

पुलिस पड़ताल में पता चला है कि आरोपी दुर्गेश (28) शराब पीने का आदी है। वह अपने 4 साल के बेटे कार्तिक के साथ नाना बुद्धू के घर रह रहा था। दुर्गेश शराब पीकर अक्सर पत्नी संगीता से विवाद करता था। परेशान होकर कुछ महीने पहले संगीता 6 साल की बेटी को लेकर अपने मायके महाराष्ट्र के नासिक चली गई थी।

### शराब पी रहे पिता से मासूम ने खाना मांगा

पुलिस ने बताया कि दुर्गेश ने सोमवार रात को खाना नहीं बनाया था। कार्तिक को भूख लगी थी। दिन में भी उसने भरपेट खाना नहीं खाया था क्योंकि पिता मजदूरी करने गया था। दुर्गेश शाम को मजदूरी से लौटा और शराब पीने बैठ गया।इसी बीच नशे में धुत पिता से मासूम ने खाना मांगा। वह भूख से रोने लगा। रोता देखकर दुर्गेश ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बच्चा शांत नहीं हुआ तो उसका गुस्सा और भड़क गया। दुर्गेश बेटे को उठाकर घर से बाहर सड़क पर ले आया। यहां उसने फिर बच्चे को चुप होने को कहा। कार्तिक ने भूख से बिलखना बंद नहीं किया तो दुर्गेश उसे सीमेंट-कांक्रीट रोड पर पटकने लगा।रात 12 बजे अचानक बच्चे की चीख सुनकर लोग घरों से बाहर निकले। देखा कि दुर्गेश कुल्हाड़ी लिए खड़ा था जबकि कार्तिक सड़क पर पड़ा था। लोगों के चिल्लाने पर दुर्गेश भाग निकला। वह बच्चे को घर से उठाकर दूर ले आया था इसलिए नाना बुद्धू को भी वारदात की भनक नहीं लगी। लोगों की सूचना पर वे मौके पर पहुंचे।

### पुलिस की 3 टीमें कर रहीं आरोपी की तलाश

दुर्गेश भैंसदेही के पास बेलधाना का रहने वाला है। बचपन से ही अपने नाना बुद्धू के घर रह रहा था। उसने पांच साल पहले महाराष्ट्र में मजदूरी करते हुए संगीता से प्रेम विवाह किया था।पुलिस ने दुर्गेश की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें बनाई हैं। हर संभावित ठिकाने पर उसकी तलाश की जा रही है।

## स्कूल से लौट रहे दो बच्चे तलैया में डूबे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उन्हेल थाना अंतर्गत माली खेड़ी की तलैया में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनो बच्चे माली खेड़ी के रहने वाले है। इनमें एक 10 वर्ष दूसरा 5 वर्ष का बताया गया है। बच्चों के डूबने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गांव वालों की मदद से एक 10 वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया है। जबकि दूसरे बच्चे की खोजबीन की जा रही है। एएसपी ग्रामीण नीतेश भार्गव ने बताया कि उन्हेल थाना क्षेत्र के माली खेड़ी में रहने वाले दो बच्चे फूल सी पिता अनित पारदी उम्र करीब 10 वर्ष और समीर पिता भोईलाल पारदी उम्र करीब 5 वर्ष मंगलवार शाम को स्कूल से लौट रहे थे। इसी दौरान गांव की तलैया पर नहाने चले गए। जहां फिसलने से गहरे पानी में चले गए जिससे दोनो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गांववालों की मदद से 10 वर्षीय फूल सी का शव बरामद किया है। वहीं दूसरे बच्चे 5 वर्षीय समीर की तलाश की जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग भी तलैया के पास जमा हो गए थे। वहीं पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## 7वीं की छात्रा को पीटा प्राइवेट पार्ट में डाला डंडा, स्कूल ड्रेस भी फाड़ी, पैर फ्रैक्चर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में 15 साल की छात्रा को महिला और उसके तीन साथियों ने बेरहमी से पीटा। उसकी स्कूल ड्रेस फाड़ी। प्राइवेट पार्ट में डंडा डाल दिया। छात्रा ने अपने साथ हुई छेड़खानी का विरोध किया था। मारपीट से छात्रा का पैर फ्रैक्चर हो गया। दोनों हाथ, अंगुलियों में भी चोट आई है।**



घटना 14 जुलाई की है। छात्रा ने मुरार थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सामान्य मारपीट में केस दर्ज कर लिया। कार्रवाई नहीं होने पर मंगलवार को घायल हालत में छात्रा और परिजन एसपी धर्मवीर सिंह से शिकायत करने पहुंचे। छात्रा को स्ट्रेचर ले जाया गया। यहां से उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। एएसपी ने संबंधित थाने के टीआई को कार्रवाई के लिए कहा है। उपनगर मुरार थाना क्षेत्र में रहने वाली लड़की 7वीं की छात्रा है। लड़की की बहन ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में भगवती कुशवाह की प्रोविजनल स्टोर की दुकान है। 11 जुलाई को छोटी बहन दुकान पर सामान लेने गई थी। दुकान पर महिला, जीतू कुशवाह समेत तीन युवक बैठे थे। महिला ने बहन को दुकान के अंदर बुलाया। उसके साथ छेड़खानी करते हुए कपड़े उतारने की कोशिश की। छात्रा ने इसका विरोध किया और भाग गई। घर जाकर यह बात बड़ी बहन को बताई। बहन ने महिला को खूब खरी-खोटी सुनाई। इस पर महिला और जीतू कुशवाह ने दोनों लड़कियों को जान से मारने की धमकी भी दी।लड़की ने पुलिस को बताया, '14 जुलाई को सुबह करीब 11:30 बजे घर आ रही थी। इसी दौरान भगवती कुशवाह, जीतू कुशवाह, संतोष और राहुल रास्ते में मिल गए। उनके हाथ में फावड़े का डंडा भी था। चारों उसे पकड़कर भगवती के घर में ले गए। डंडे और लात-घूंसों से एक घंटे तक जमकर पीटा। उसकी स्कूल ड्रेस भी फाड़ दी। इतना ही नहीं, प्राइवेट पार्ट में डंडा भी डाला।' इसके बाद लहूलुहान और अधमरी होने पर घर के बाहर ले जाकर पटक दिया। लड़की की मां और बहन उसे घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंची। यहां एक्सरे किया गया। पैर फ्रैक्चर होने पर डॉक्टरों ने प्लास्टर चढ़ाया। हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है। घटना के बाद छात्रा डरी हुई है। परिजन और छात्रा ने मुरार थाने में भी शिकायत दर्ज कराई। यहां पुलिस ने मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

## गुना कलेक्ट्रेट में महिलाओं ने कपड़े उतारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** पुलिस की कस्टडी में हुई पारदी युवक की मौत पर कलेक्ट्रेट में जमकर हंगामा हुआ। पारदी समाज की कुछ महिलाएं और परिजन मंगलवार 16 जुलाई को कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर डॉ. सतेंद्र सिंह से मुलाकात की।



इसके बाद महिलाएं बाहर आकर हंगामा करने लगीं। कुछ महिलाओं ने अपने कपड़े उतारना शुरू कर दिए। पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी में महिलाओं की चूड़ियां टूट गईं। एक महिला के सिर से खून निकलने लगा। कैंट थाने के टीआई दिलीप राजौरिया को भी खरोंचें आईं। कलेक्टर ने कुछ महिलाओं को दोबारा बुलाकर उनकी बात सुनी। इसके बाद हंगामा शांत हो सका। महिलाओं ने कहा, 'यह झूठ बोला जा रहा है कि देवा पारदी (25) की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई। इतनी कम उम्र के लड़के को अटैक कैसे आ सकता है? पुलिस ने उसके साथ मारपीट की। उसके चाचा के साथ भी मारपीट की गई है।' महिलाओं की मांग है कि देवा के चाचा गंगाराम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाए।

## महिला कांग्रेस की बैठक में हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जहां कांग्रेस लगातार अपने पार्टी के नेताओं से परेशान चल रही है वहीं अब महिला कांग्रेस में भी आपसी सामंजस्य नहीं दिख रहा है। मंगलवार को राजधानी भोपाल में प्रदेश कांग्रेस ऑफिस में महिला कांग्रेस की बैठक में सिंगरौली की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शर्मा भड़क गईं। उन्होंने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा को जमकर खरी-खोटी सुनाई। मधु शर्मा बैठक में अपेक्षित पदाधिकारियों की लिस्ट में नाम ना होने से नाराज थीं। मधु शर्मा ने पूछा कि हम महासचिव हैं तो हमारा नाम क्यों नहीं है? जिन लोगों के नाम लिस्ट में हैं, उनमें से मात्र 15-20 महिलाएं ही आई हैं, तो हम क्या जूता खाने आए हैं। मधु शर्मा की बात सुनकर अलका लांबा ने कहा कि आप जूता खाने लायक हैं। ये बात सुनकर मधु गुस्से में बैठक सभागार से बाहर निकलीं, और अलका लांबा के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। जब इस मामले में अलका लांबा से पूछा गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं देते हुए कहा कि आज की कार्यकारिणी बहुत कामयाब रही।

## विद्यार्थी ग्रे कलर के शर्ट और ब्लैक पैंट में नजर आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश के 55 सरकारी महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में चयनित किया गया है। इन कालेजों को उन्नत करने के लिए 366 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा के तहत पढ़ाई होगी। इन सभी कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए इस सत्र से ड्रेसकोड लागू किया गया है। एक अगस्त से विद्यार्थी एक समान एक रंग के ड्रेस में कॉलेज आएंगे।

इस संबंध में कालेज प्राचार्यो ने विद्यार्थियों को निर्देशित कर दिए हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं को कुछ विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के रूप में चयनित किया गया है। यहां के विद्यार्थी हमीदिया कालेज में एक अगस्त से ड्रेसकोड में आएंगे। इसके लिए स्टाफ काउंसिल और जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित कर ड्रेसकोड का डिजाइन और कलर तय किया गया। इसमें छात्र ग्रे कलर का शर्ट और ब्लैक कलर का पैंट और छात्राएं ग्रे कलर व और ब्लैक कलर के सलवार-कमीज में आएंगी। प्रदेश में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस 14 जुलाई से खुल गए हैं।यहां बस सर्विस की शुरुआत भी हो गई है। बस के रूट और राउंड भी भी तय कर दिए गए हैं। कालेज की जनभागीदारी समिति बस सेवा उपलब्ध कराएगी।

बड़े कालेजों में दो बसें शुरू की गई है। बस सेवा के लिए जनभागीदारी समिति विद्यार्थी से हर माह 30 रुपसे शुल्क लेगी। सबसे खास बात यह है कि बस का शुल्क हर विद्यार्थी से लिया जाएगा। भले ही वे इस सुविधा का उपयोग करें या न करें।

## संपादकीय

### भाजपा को बड़ा दीर्घकालीन सियासी लाभ मिल सकेगा, इसमें संदेह !


लोकसभा चुनाव और उसके बाद भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने भाजपा को संविधान बदलने के मुद्दे पर जिस तरह से घेरा है, मोदी सरकार द्वारा 25 जून को हर साल 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने की अधिसूचना बेशक तगड़ा और तात्कालिक राजनीतिक पलटवार तो है, लेकिन इससे भाजपा को कोई बड़ा दीर्घकालीन सियासी लाभ मिल सकेगा, इसमें संदेह है। इस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य संविधान बदलने के सवाल पर उस कांग्रेस पर ही ठीकरा फोड़ना है, जिसे भाजपा अब 'सौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली' की तर्ज पर कटघरे में खड़ा करना चाह रही है। भाजपा का कहना है कि खुद कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए कई बार संवैधानिक मर्यादाओं को भंग किया, लोकतंत्र को कुचला, ऐसे में उसे भाजपा की नीयत पर उंगली उठाने का कोई नैतिक हक नहीं है। यानी कि वह भाजपा को घेरने की जगह पहले अपने गिरेबान में झांके। हमने तो घोषित तौर वैसा कुछ भी नहीं किया है, जो कांग्रेस ने डंके की चोट पर किया। बावजूद इसके बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में कांग्रेस इस मुद्दे पर कहीं से भी रक्षात्मक नजर नहीं आ रही है। वह अपने इस आरोप को बेखौफ दोहरा रही है कि संविधान के मामले में भाजपा का रवैया 'मुंह में राम बगल में छुरी' वाला है। मौका देखकर वह वही करेगी, जिसकी आशंका लोगों के मन में है। आशय यह कि भाजपा देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। इसकी टेस्टिंग वह जब तब करती रहती है। हाल में दिल्ली विवि में कानून की पढ़ाई में मनुस्मृति को शामिल करने का दांव और फिर इसके राजनीतिक खतरे को भांपने के बाद फैसले की वापसी इसी आशंका के स्पष्ट लक्षण हैं। भाजपा नेता इसे खारिज तो करते हैं, पर उसमें उतना विश्वास नहीं झलकता। संविधान और आरक्षण का मुद्दा ऐसा नहीं है कि जिसे चलताऊ ढंग से हैंडल किया जाए। अगर भाजपा के हाथ से दलित और कुछ ओबीसी वोट बैंक यूं ही खसकता गया तो यूपी में अगला विधानसभा चुनाव जीतना भी उसके लिए टेढ़ी खीर होगा। लोकसभा चुनाव में उप्र में पार्टी की करार हार के कारणों का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण कर उसके समाधान के उपाय खोजने की बजाए जिस तरह योगी आला कमान को और उप मुख्यमंत्री सीएम योगी पर हमला कर रहे हैं, उससे साफ है कि यूपी में भाजपा के हालात डेढ़ दशक पुरानी स्थिति में लौट रहे हैं। वैसे संविधान को बचाने और बदलने का यह खेल कुल मिलाकर धारणा का खेल ज्यादा है, जिसमें भाजपा कांग्रेस को पटखनी देना चाहती है, लेकिन सही दांव लग नहीं रहा। यहां कांग्रेस के साथ सुविधा यह है कि वह केन्द्र में विपक्ष में बैठी है, इसलिए जवाबदेही के कॉलम को वह खाली भी छोड़ दे तो खास फर्क नहीं पड़ता, लेकिन भाजपा और एनडीए ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि वह सत्ता में हैं। यह बात साफ है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को जिन तीन राज्यों यूपी, महाराष्ट्र और हरियाणा में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, उसके पीछे कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों द्वारा बनाया गया यह नरेटिव प्रमुख था कि मोदी और भाजपा के 400 के पार के अतिआत्मविश्वासी नारे का असल मकसद संविधान बदलना है। और इसे बदलने का मतलब देश में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों के संविधान प्रदत्त आरक्षण को खत्म करना है। परोक्ष रूप से उस राज को वापस लाना है, जिसमे अगड़ी जातियों का ही वर्चस्व रहेगा। दूसरे शब्दों में यह 'ब्राह्मणवाद' की पुनर्स्थापना की कोशिश होगी। हालांकि, घोषित तौर पर किसी भाजपा नेता ने इन शब्दों का प्रयोग नहीं किया, लेकिन संविधान बदलने की सुर्री छोड़कर अपनी ही पार्टी के मैदान में सेल्फ गोल जरूर किया। जबकि कांग्रेस ने 'बिटवीन द लाइंस' पर ही चुनाव का ऐसा तगड़ा नरेटिव खड़ा किया, जिसे चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने कुछ राज्यों में धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण खत्म करने के नरेटिव में बदलने की असफल कोशिश की। असफल इसलिए कि हाल के विधानसभा चुनाव के बाद सत्तारूढ़ टीडीपी ने राज्य में मुसलमानों को धर्म के आधार पर 4 फीसदी आरक्षण जारी रखने का ऐलान किया। लेकिन भाजपा अब चुप है, क्योंकि वह भी राज्य में सत्ता में भागीदार है।

### अर्ज़ किया है..!

*लम्हा-दर-लम्हा*
*गुज़रता ही चला जाता है*
*वक़्त ख़ुशबू है*
*बिखरता ही चला जाता है*

*-तनवीर अहमद अल्वी*

isha



**कुंठा, निराशा और अवसाद का मतलब है कि आप अपने खिलाफ काम कर रहे हैं।**

**- जग्गी वासुदेव**

## ज्ञान-विज्ञान

# ऑस्ट्रेलिया में मिला पहला म्यूटेंट मेंढक, स्किन का रंग नीला... वैज्ञानिक हैरान



ऑस्ट्रेलिया में एक अद्भुत मेंढक मिला है. पेड़ों पर रहने वाला ये मेंढक म्यूटेंट है. खास बात ये है कि इसकी त्वचा नीले रंग की है. इसे खास तरह के जेनेटिक म्यूटेशन है, जिसे एक्सेनथिज्म (Axanthism) कहते हैं. इस म्यूटेशन में पीले रंग की कमी हो जाती है. जबकि आम हरे रंग के मेंढकों में पीले रंग के पिगमेंट पाए जाते हैं. म्यूटेंट का मतलब होता है किसी जीव के जीन में होने वाला ऐसा अचानक स्थाई परिवर्तन जिसकी वजह से वह अपने प्रकार के अन्य जीवों से अलग हो जाता है.

इसके सिर पर अजीबोगरीब हरा रंग मौजूद है. इन मेंढक का नीला रंग उसे जेनेटिक म्यूटेशन की वजह से मिला है. पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के किंबरले में मौजूद वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में यह म्यूटेंट मेंढक मिला. हैरानी इस बात की है कि ये मेंढक खुद कूदकर वैज्ञानिकों की लैब में चल रहे वर्कशॉप में आ गया. तुरंत इसकी जांच शुरू कर दी गई.

पता चला यह एक पेड़ पर रहने वाला मेंढक है. जिसे लिटोरिया स्पलेंडिडा (Litoria splendida) कहते हैं. इस सैंक्चुरी के कर्मचारियों ने इसकी फोटो लेकर जेक बार्कर को भेजा. जेक ऑस्ट्रेलियन वाइल्डलाइफ कंजरवेंसी में काम करते हैं. जेक ने कहा कि जब मैंने फोटो देखी तो हैरान रह गया. नीले रंग का मेंढक पहली बार देख रहा था. जेक ने बताया कि आमतौर पर पेड़ों पर रहने वाले मेंढकों के शरीर हरे रंग के होते हैं. जिसपर सफेद रंग के छींटे होते हैं. लेकिन ये म्यूटेंट मेंढक चार इंच तक बढ़ सकता है. इसके सिर पर हरे रंग का हिस्सा जो दिख रहा है, वो जहर से भरी ग्रंथि यानी ग्लैंड है. ये जहर बेहद तीखा होता है. इसका शिकार करने वाले को परेशान कर देता है.

यह म्यूटेंट मेंढक अधिकतम 20 साल तक जी सकता है. यह कम बारिश वाले इलाके में ही पाया जाता है. खासतौर से किंबरले में ही. ये पहली बार है जब शोधकर्ताओं ने इस नीली त्वचा वाले मेंढक को देखा है. इसके शरीर पर कुछ सफेद छीटें हैं. इसके पैरों का रंग पीला है.

ऑस्ट्रेलियन म्यूजियम की हरपेटोलॉजिस्ट जोडी रॉली ने कहा कि यह प्रकृति का डराने वाला जीव है. कोई भी इंसान कभी भी मेंढक को नीले रंग में देखने की उम्मीद ही नहीं कर सकता. यह मेंढक करीब 4.7 इंच का है. यह अपने तय आकार से काफी बड़ा हो चुका है. यानी इसकी कुछ तो उम्र भी होगी.

Maharashtra

# उद्धव की पार्टी ने 125 सीटों पर ठोका दावा, कांग्रेस भी 150 से नीचे आने को तैयार नहीं... महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग पर फंसेगा पेच?



**मुंबई**. महाराष्ट्र में अब विधानसभा चुनाव की बारी है. महा विकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग पर मंथन शुरू हो गया है. हालांकि, समझौते के मूड में कोई नहीं दिख रहा है. सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद शिवसेना (यूबीटी) विधानसभा चुनाव में करीब 115-125 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है. कांग्रेस पहले साफ कर चुकी है कि वो 150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. राज्य में विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं.

सूत्रों ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने के लिए तैयार है. हालांकि, उद्धव सेना ने साफ कर दिया कि वो करीब 115 से 125 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का टारगेट कर रही है. यह बात ऐसे समय में सामने आई है, जब शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को संजय राउत, अनिल देसाई, सुभाष देसाई, सुनील प्रभु और राजन विचारे समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की और विधानसभा चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार करने के लिए चर्चा की. सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान उद्धव ठाकरे ने सभी 125 विधानसभा सीटों की समीक्षा की. बैठक में उन्होंने कहा कि वे इन सभी सीटों को टारगेट करने के लिए एक 'थिंक टैंक' के साथ एक वॉर रूम तैयार करने की भी योजना बना रहे हैं.

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) पिछले वोट मार्जिन के आधार पर इन 125 सीटों की मांग करेगी. इसके अलावा, पार्टी इन सीटों को पिछले विधानसभा चुनावों में मिले

Bihar

## बिहार के सारण में ट्रिपल मर्डर, पिता और दो नाबालिग बेटियों का कत्ल

### सिरफिरे प्रेमी सहित 2 गिरफ्तार



सारण. बिहार के सारण जिले में ट्रिपल मर्डर का चौंका देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक सिरफिरे प्रेमी ने दो नाबालिग लड़कियों और उनके पिता की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी. मामले में एक्शन लेते हुए पुलिस ने दो सनकी प्रेमी सहित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर छपरा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. तीन लोगों की हत्या का यह मामला सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के धानाडीह का है. पुलिस के मुताबिक यह ट्रिपल मर्डर प्रेम-प्रसंग के कारण किया गया है. आरोपी ने बेरहमी से एक शख्स और उसकी दो नाबालिग लड़कियों की हत्या की है. हमले के दौरान लड़कियों की मां ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई है. घायल महिला का छपरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस के मुताबिक सनकी आशिक ने नाबालिग प्रेमिका सहित उसकी छोटी बहन, पिता और मां पर धारदार हथियार से हमला किया. हालांकि, मां किसी तरह से भागकर बचने में कामयाब रही. लड़कियों की मां शोभा देवी ने बताया,'रात करीब 2 बजे दो लोग आए और हमला शुरू कर दिया. हमलावरों ने दोनों बेटियों और पति के साथ-साथ मुझपर भी धारदार हथियार से हमला किया. मैंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और घर से बाहर निकलकर शोर मचाया. इसके बाद ग्रामीण इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी.'

Uttarpradesh

## आलू के दाम पांच रुपये कम नहीं किए तो सब्जी वाले को मारी गोली, लोगों ने हमलावर को किया घायल

**आगरा**। आगरा के विकास नगर (ट्रांस यमुना) स्थित सब्जी मंडी में दिन में आलू की कीमत में पांच रुपये कम कराने को लेकर हुए विवाद के बाद रात में पांच हमलावरों ने सब्जी विक्रेता शिव कुमार को गोली मार दी। गोली कान-कनपटी को छूकर निकल गई। आवाज सुनकर दुकानदार जुट गए। उन्होंने एक हमलावर को दबोच लिया, जबकि चार भाग गए। पकड़े गए हमलावर की जमकर पिटाई कर दी। फायरिंग से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने आरोपी को लोगों से छुड़ाया। इसके बाद घायल विक्रेता और आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगला किशनलाल, ट्रांस यमुना निवासी शिव कुमार सब्जी की ठेल लगाता है। मंगलवार रात 8:30 बजे वह विकास नगर सब्जी मंडी में ठेल पर खड़ा हुआ था। बताया गया है कि एक बाइक पर तीन और दो हमलावर पैदल आए। इनमें से एक ने तमंचा निकाला। इसके बाद शिव कुमार पर गोली चला दी। गोली शिव कुमार के कान और कनपटी को छूकर निकल गई। वह घायाल हो गया। आवाज सुनकर पास ही खड़ा शिव कुमार का भाई राजकुमार आ गया। उसने गोली चलाने वाले हमलावर को पकड़ लिया।

New Delhi

## रैपिडो से बाइक बुक करके आए बदमाश, 20 मिनट में 4 करोड़ लूटकर फरार; दिल्ली के गुलाबी बाग में डकैती

**नई दिल्ली**। दिल्ली के उत्तर जिले के गुलाबी बाग इलाके में स्थित ट्रांसपोर्टर कंपनी के ऑफिस में शुक्रवार रात छह-सात बदमाश चार करोड़ रुपये लूटकर फरार हो गए। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच में पता चला कि आरोपी बाइक बुक करके वारदात को अंजाम देने आए थे। अभी तक की जांच में पुलिस ने जानकार का हाथ होने का शक जताया है। पुलिस ने डकैती और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, किशनगंज की नई बस्ती में बीकानेर-असम रोडलाइंस नाम से ट्रांसपोर्ट कंपनी का ऑफिस है। इसमें हमेशा छह कर्मचारी मौजूद रहते हैं। कंपनी के मैनेजर भंवर लाल ने बताया कि शुक्रवार रात को सभी कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी नकाबपोश छह-सात बदमाश हाथ में पिस्टल लेकर ऑफिस में घुस गए। शोर



मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सभी कर्मचारियों के हाथ पैर बांध दिए और मुंह पर टेप लगा दी।

ऑफिस में बदमाश करीब बीस मिनट तक रहे। इस दौरान उन्होंने पूरे परिसर की तलाश ली। तिजोरी की चाबी ढूंढ़ने के बाद उसमें रखी सारी रकम को बैग में भरकर फरार हो गए। किसी तरह से कर्मचारियों ने बंधन ढीला कर खुद को छुड़ाया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। शुरुआती

खेल

### पेरिस ओलंपिक से पहले सुमित नागल ने दिखाया दम

# नॉर्डिया ओपन में जीत के साथ शुरुआत की

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने नॉर्डिया ओपन टेनिस के मुकाबले में इलियास यमेर को हरा दिया। उन्होंने स्वीडन के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की। नागल ने इससे पहले यमेर के खिलाफ जो दो मैच खेले थे उसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

भारतीय खिलाड़ी ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को 6-4 6-3 से पराजित किया। नागल पिछले साल स्प्लिट ओपन (क्रोएशिया) और 2019 में लियोन (फ्रांस) में यमेर से हार गए थे। एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 68वें स्थान पर पहुंचने वाले नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के विश्व में 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा।



नागल पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी एटीपी टूर प्रतियोगिता में पहली बार जोड़ी बनाकर खेलने के लिए तैयार हैं। यह दोनों खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के पुरुष युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हैम्बर्ग ओपन में इस भारतीय जोड़ी का पहला मुकाबला बुधवार को मार्क वॉलनर और जैकब श्नाटर की जर्मन जोड़ी से होगा।

सिनेमा

## लंदन में भक्ति में लीन हुए अनुष्का शर्मा और विराट कोहली, जय श्री राम का जाप करते आए नजर



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फिलहाल लंदन में हैं। अनुष्का बेटे के जन्म के बाद से ही लंदन में हैं। वहीं विराट वर्ल्ड कप जीतने के बाद लंदन चले गए थे। दोनों की खास बात यह है कि जैसे ही काम से फ्री होते हैं तो परिवार के साथ टाइम स्पेंड करते हैं। अब हाल ही में विराट और अनुष्का लंदन में एक कीर्तन में पहुंचे। इस कीर्तन से दोनों के कई वीडियोज सामने आए हैं। अब एक नया वीडियो आया है जिसमें दोनों जय श्री राम का जाप कर रहे हैं। विराट के फैन क्लब ने इस वीडियो को शेयर किया है और लिखा कि विराट और अनुष्का लंदन में एक कीर्तन में आध्यात्मिक माहौल का आनंद ले रहे हैं। वीडियो में आप देखेंगे कि विराट तो आंख बंद करके भक्ति में लीन हैं। वहीं अनुष्का खूब जय राम, जय श्री राम का जाप कर रही हैं। इस वीडियो पर लोगों के खूब कमेंट्स आ रहे हैं। सभी दोनों की तारीफ कर रहे हैं। किसी ने लिखा कि विदेश में हैं, लेकिन भारत की संस्कृति नहीं भूलते हैं। किसी ने लिखा कि दोनों परफेक्ट कपल हैं, पार्टी तो सभी करते हैं, लेकिन पूजा-पाठ करना कितना अच्छा लग रहा है देखकर।

## Highlights

1. **It's raining fire: Canteen owner as tomato prices hit ₹100/kg in Delhi NCR**
2. **Hope culprits are punished soon: Mukesh Sahani on father's murder**
3. **His soul can rest in peace: Wife as train driver cleared in WB crash**
4. **Sikkim ex-minister Poudyal, missing for 9 days, found dead in West Bengal canal**
5. **I'll stop talks on politics if politicians stop interfering in religion: Shankaracharya**

# IREDA share price dips 5% today as Philip Capital gives 'sell' tag

**NEW DEIHI, (Agency).** Buying land in Noida has become costlier as the Noida Authority decided to raise land allotment rates by six per cent in all categories except the commercial and corporate house plots, it was reported. The rates have been raised amid rising inflation and the Noida Authority has almost around 50 land parcels measuring approximately 17,500 square metres (sqm) across categories A, B, and C for residential use, Moneycontrol reported citing people in the know.

The hike in land allotment rates comes after the board meeting of the Noida Authority in Lucknow where the decision was taken as well as the ₹7,700 crore budget for financial year 2024-25 was approved, the report added.




Presently, Noida is divided into six categories for residential land allotment: A+, A, B, C, D, and E. For residential plots, the Noida Authority has increased the prevailing rates for sectors in categories A to E by six percent but the rate for A-plus category residential plots will remain unchanged at ₹1.75 lakh per square metre (sqm).

Land allotment rates in A category sectors (14, 17, 19, 30, 35, 36, 39, 44, 47, 50, 51, 52, 93, 93A, and 93B) have been hiked to ₹1.25 lakh per sqm from existing ₹1.18 lakh per sqm. In B, C, D, and E categories, the land rates range between ₹82,420 and ₹45,380 per sqm currently and after the hike, they will range between ₹87,370 and ₹48,110 per sqm. For group housing properties and plots, the current allotment rates in categories from A to E are ₹1.18 lakh per sqm to ₹65,250 per sqm which have now been increased to ₹1.09 lakh per sqm to ₹69,170 per sqm.

# WhatsApp brings 'favorites' for fast access to contacts and groups: How it works

**NEW DEIHI, (Agency).** WhatsApp has introduced 'favorites' which allows users to quickly access their favourite contacts at the top of the calls tab. It can also act as a filter for text messages, WhatsApp said as it started rolling out the feature. The feature will be available to all users in the coming weeks and using it people can manage their favourites from the app setting and reorder them at any time, WhatsApp said.

WhatsApp said, "Focusing on your favorites just got a lot easier on




WhatsApp. Starting today, you can quickly find the people and groups that matter most at the top of your calls tab and as a filter for your chats. Whether it's your family group chat or your best friend, your 'favorites' will be the same across your chats and calls, so you can speed dial them from your calls tab too."

How to use the 'favorites' feature on WhatsApp?

To add a contact or a group to the favorites list, you can select the 'favorites' filter from the chat screen. You can then choose the desired contact or the group and it will become a favorites. You can also tap on the 'Add Favorite' option and select the specific contact or group from the calls tab in order to do the same.

# 25 वर्षीय युवक की सड़क किनारे लाश मिली

## करंट लगने से मौत की आशंका

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माणाधीन शिवानी डिटर्जेंट के बाहर नाली में एक युवक का शव मिला है। सहायक उपनिरीक्षक संजय चतुर्वेदी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को राहगीरों से सूचना मिली कि निर्माणधीन शिवानी कंपनी के बाहर नाले में एक युवक की लाश पड़ी है। लाश नाले में कीचड़ में है।**

पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पहुंच कर लाश को कीचड़ से बाहर निकलवाई और पहचान के लिए ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों ने युवक की पहचान विकास पिता संतोष अस्तरे उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मोती नगर सागौर के रूप में की। पुलिस ने मौका पंचनामा बना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीथमपुर भिजवाया। पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी कराई है। युवक के हथेली की उंगलियों पर खरोच के निशान हैं। युवक की मौत किस कारण से हुई ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लगेगा। मृतक विकास की बुआ संगीता सोनगरा ने बताया कि मृतक विकास बीती रात कंपनी में मजदूरी करने का बोल कर गया था। सुबह करीब 11 बजे हमे सूचना मिली कि किसी का शव पड़ा है। जाकर देखा तो वो युवक मेरा भतीजा था। मृतक की बुआ और अन्य परिजनों के अनुसार मृतक के हाथ और पेट पर जलने के निशान हैं। जिससे ऐसा लग रहा हे कि युवक की मौत करंट लगने से हुई।

# कार ने मारी टक्कर ऑटो ड्रायवर की मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। राजेन्द्र नगर इलाके में एक ऑटो ड्राइवर की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह पान की दुकान पर जा रहा था। इस दौरान उसे एक कार ने टक्कर मार दी।**

पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। राजेन्द्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रवीन्द्र पुत्र लक्ष्मण निवासी भीम नगर को एक कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में रवीन्द्र की मौत हो गई।



रवीन्द्र ऑटो ड्रायवर है। पुलिस ने कार जब्त कर ली है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक